राष्ट्रीय सहारा

लक्ष्य प्राप्ति को उचित रणनीति बनाएं छात्र : मानस ठाकुर

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

लखनऊ

द इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के प्रेसीडेंट मानस ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए पूर्ण समर्पण के साथ संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग के साथ उचित रणनीति बनाएं। श्री ठाकुर शनिवार को इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के लखनऊ चैप्टर द्वारा इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में स्टूडेंट नेशनल कन्वेंशन 'लक्ष्य सीएमए मंत्र' कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित कर रहे थे।

छात्रों को दी गयी इंटरनेट बैंकिंग में धोखाधड़ी से बचने को अननोन वाई-फाई के इस्तेमाल से बचने की सलाह

उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि वह पूर्व राष्ट्रपति स्व. डा. एपीजे अब्दुल कलाम के आदर्शों पर चलने का प्रयास करें और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था में कास्ट एण्ड मैनेजमेंट एकाउंटेंटों की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

संस्थान के वाइस प्रेसीडेन्ट सीएमए संजय गुप्ता ने कहा कि ज्ञान तभी शक्ति बनती है जब उसका प्रयोग किया जाता है। उन्होंने मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया में इंस्टीट्यूट के मेम्बर्स की भूमिका पर बताया कि कास्ट एण्ड मैनेजमेंट एकाउंटेंट महत्वपूर्ण सेवायें दे रहे हैं। आडिटिंग एवं कन्सलटेन्सी के द्वारा वस्तुओं की लागत पर नियंत्रण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रिसोर्सेज प्रचुर एवं लो वेस्टेज सिद्धान्त पर उपयोग किये जाने चाहिए।

एनआईआरसी के पूर्व चेयरमैन सीएमए एसके भट्ट ने विद्यार्थियों को ज्ञान के व्यवहारिकता के पहलू पर जोर दिया तथा अच्छी और सकारात्मक सोच एवं कड़ी मेहनत करने को प्रोत्साहित किया। सम्मेलन में विशेषज्ञों ने इंटरनेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड एवं ओटीपी की हैकिंग से बचाव के गुर बताये। विशेषज्ञों ने सलाह दी कि धोखाधड़ी से बचने के लिए अननोन वाई-फाई का इस्तेमाल न करें। इन्टरनेट बैंकिंग के हैकिंग से बचने के लिए सोशल इंजीनियरिंग से सावधान रहना होगा। स्मार्ट फोन के प्रयोग में भी विशेष सावधानी की आवश्यकता है। अननोन इंटरनेट लिंक से सावधान रहने की आवश्यकता है। वर्तमान समय में बहुत साफ्टवेयर बाजार में उपलब्ध हैं जिनके द्वारा आसानी से दूसरे के नम्बर से किसी दूसरे व्यक्ति को काल किया जा सकता है।